माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुवाँरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक- 274/परीक्षा/एम0एस0यू0/2026-27 दिनांक - 23.11.26

सेवा में,

1. शैक्षणिक समन्वयक, (केवल ई-मेल द्वारा)
   विश्वविद्यालय परिसर,
   माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,
   सहारनपुर।
2. **प्राचार्य/प्राचार्या**
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
   राजकीय, अनुदानित एंव स्ववित्त पोषित महाविद्यालय,
   जनपद - सहारनपुर, मुजफ्फरनगर व शामली।

विषय - **Bharat BoudhIKS 2.0 राष्ट्रीय परीक्षा 2026 के अंतर्गत मूल्यांकन कार्य एवं मेधावी विद्यार्थियों की उत्तर-पुस्तिकाओं के संकलन तथा स्कैन प्रति प्रेषित करने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि दिनांक 21.11.2026 को आयोजित Bharat BoudhIKS 2.0 राष्ट्रीय परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हो चुकी है। जिसके क्रम में विश्वविद्यालय के पत्रांक संख्या- 273/परीक्षा/एम0एस0यू0/2026-27 दिनांक 21.11.2026 में उत्तर पुस्तिकाओं को मूल्यांकित कर मेधावी अभ्यार्थियों की बहुविकल्पीय प्रश्नों का उत्तर पत्रक, वर्णनात्मक उत्तर पुस्तिका एवं उपस्थिति पत्रक दिनांक 23.11.2026 अपराह्न 2.00 बजे तक विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था। संलग्न निर्देश के क्रम में परीक्षा सम्पन्न होने के उपरांत मूल्याकंन कार्य पूर्ण कर प्रत्येक 50 विद्यार्थियों पर एक सर्वश्रेष्ठ प्राप्तांक वाली उत्तर पुस्तिका (Answer Booklet- एवं OMR Descriptive answer) स्कैन कॉपी तैयार करके ई-मेल द्वारा vidhyabhartimeerutprant@gmail.com एवं भौतिक रूप से परीक्षा नियंत्रक को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

उक्त के आलोक में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त सभी कार्यवाही निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करते हुए अनुपालन सुनिश्चित करें, जिससे परीक्षा संबंधी मूल्यांकन एंव अभिलेखीय कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सकें।

संलग्नक-

1. मूल्याकंन कार्य योजना।
2. स्कैन कॉपी प्रेषित करने हेतु दिशा-निर्देश की प्रति।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. कुलसचिव।
2. उपकुलसचिव।
3. सहा0 कुलसचिव (प्रशासन, परीक्षा)
4. **सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।**
5. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक

Scanned with OKEN Scanner

भारत बौद्धिक्स परीक्षा 2.0

मूल्यांकन प्रक्रिया के संबंध में दिशा-निर्देश

भारत बौद्धिक्स परीक्षा 2.0 की मूल्यांकन प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष, समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से समस्त परीक्षा केंद्रों के लिए निम्नलिखित दिशा-निर्देश निर्धारित किए जाते हैं। सभी संबंधित अधिकारी एवं परीक्षा केंद्र प्रभारी इनका अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

1. मूल्यांकन कार्य की समय-सीमा

- जिन परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की कुल संख्या 100 से कम है, वे परीक्षा दिवस को ही सायं 05:00 बजे तक समस्त उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।
- जिन परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की संख्या 100 या उससे अधिक है, वे परीक्षा समाप्ति की तिथि से अधिकतम 03 कार्य दिवसों के भीतर मूल्यांकन कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लेंगे।

2. मूल्यांकन एवं परीक्षा परिणाम तैयार करना

- समस्त उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन निर्धारित मूल्यांकन मानकों एवं अंकन योजना के अनुरूप निष्पक्षतापूर्वक किया जाएगा। सुगम मूल्यांकन हेतु परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में निर्देशित किया जाएगा कि वे बहुविकल्पीय प्रश्नों का उत्तर संबंधित उत्तर पत्रक पर क्रमवार ही दें।
- मूल्यांकन पूर्ण होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप में अवार्ड शीट (मूल्यांकन पत्रक) तैयार की जाएगी।
- अवार्ड शीट में प्रत्येक परीक्षार्थी के प्राप्तांक स्पष्ट एवं त्रुटिरहित रूप से अंकित किए जाएंगे तथा परिणाम का मिलान उपस्थिति पत्रक एवं उपलब्ध परीक्षार्थी विवरण से किया जाएगा। अवार्ड शीट को नोडल अधिकारी, केंद्राध्यक्ष एवं संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्य प्रतिनिधि जिसका परीक्षा केंद्र महाविद्यालय को बनाया गया है द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जाएगा।

3. श्रेष्ठ परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का प्रेषण

- मूल्यांकन के उपरांत प्रत्येक परीक्षा केंद्र से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकाएँ निर्धारित 50:1 के अनुपात में चयनित कर संबंधित विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को प्रेषित की जाएँगी। अर्थात

Scanned with OKEN Scanner

प्रत्येक 50 परीक्षार्थियों पर एक श्रेष्ठ उत्तर पुस्तिका भेजी जाएगी। यदि संख्या 50 से 100 के मध्य है तो 51 से 75 होने पर एक ही कॉपी तथा 76 से 100 होने पर दो कापियाँ भेजी जायेंगी।

- चयनित उत्तर पुस्तिकाओं के साथ संबंधित परीक्षार्थियों का उपस्थिति पत्रक तथा निर्धारित प्रारूप में तैयार अवार्ड शीट भी संलग्न की जाएगी।
- समस्त अभिलेख संबंधित विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक/विश्वसनीय डाक सेवा के माध्यम से निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराए जाएँगे।

4. प्रेषित लिफाफे पर आवश्यक विवरण

उत्तर पुस्तिकाओं एवं संबंधित अभिलेखों को प्रेषित करने वाले लिफाफे के ऊपर निम्नलिखित विवरण स्पष्ट एवं अनिवार्य रूप से अंकित किए जाएँगे:

* सीरीज : भारत बौद्धिक्स परीक्षा 2.0
* परीक्षा केंद्र का नाम एवं पूरा पता
* परीक्षा केंद्र से संबद्ध सम्मिलित संस्थाओं के नाम
* प्रेषित उत्तर पुस्तिकाओं की कुल संख्या
* संबंधित नोडल अधिकारी/ केंद्राध्यक्ष का नाम
* नोडल अधिकारी का मोबाइल नंबर

5. पर्यवेक्षण एवं उत्तरदायित्व

समस्त मूल्यांकन प्रक्रिया जनपद नोडल अधिकारी एवं संबंधित ऑब्जर्वर के दिशानिर्देश में संपन्न होगी। वे निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान देंगे:

- मूल्यांकन कार्य की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना।
- निर्धारित समय-सीमा में मूल्यांकन कार्य पूर्ण कराना।
- अवार्ड शीट एवं उपस्थिति पत्रक की शुद्धता का सत्यापन करना।
- श्रेष्ठ उत्तर पुस्तिकाओं के चयन एवं प्रेषण की प्रक्रिया की निगरानी करना।
- मूल्यांकन संबंधी समस्त अभिलेखों का सुरक्षित संधारण सुनिश्चित करना।

Scanned with OKEN Scanner

6. प्रांतीय स्तर पर पुनर्मूल्यांकन एवं अंतिम सत्यापन

- संबंधित विश्वविद्यालयों के परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्राप्त श्रेष्ठ उत्तर पुस्तिकाओं, अवार्ड शीट एवं उपस्थिति पत्रकों को प्रांतीय परीक्षा प्रमुख द्वारा संकलित किया जाएगा।
- प्रांतीय परीक्षा प्रमुख समस्त प्राप्त अभिलेखों का परीक्षण कराकर श्रेष्ठ उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन पुनः सत्यापन विशेषज्ञ मूल्यांकनकर्ताओं के माध्यम से सुनिश्चित करेंगे।
- पुनर्मूल्यांकन के उपरांत प्राप्त अंकों का मूल अवार्ड शीट से मिलान किया जाएगा तथा किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर उसका निराकरण कराया जाएगा।
- अंतिम परीक्षा परिणाम तैयार करने हेतु प्रांतीय स्तर पर समेकित एवं सत्यापित अभिलेख उपलब्ध कराए जाएँगे।

विशेष निर्देश: समस्त परीक्षा केंद्र प्रभारी, जनपद नोडल अधिकारी एवं ऑब्जर्वर यह सुनिश्चित करेंगे कि मूल्यांकन प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय, निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित हो।

30/12/2026

(प्रो अभिषेक कुमार तिवारी)

राज्य समन्वयक

भारत बौद्धिक्स परीक्षा 2.0

उत्तर प्रदेश

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. प्रमुख सचिव महोदय, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश
2. निदेशक, उच्च शिक्षा।
3. परीक्षा नियंत्रक, समस्त राज्य एवं निजी विश्वविद्यालय को इस आशय के साथ प्रेषित कि निर्दिष्ट नियमों के अनुरूप मूल्यांकन कार्य सुनिश्चित करें।
4. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारीगण उत्तर प्रदेश
5. संबंधित नोडल अधिकारीगण

Scanned with OKEN Scanner

आदरणीय

परीक्षा नियंत्रक/नोडल ऑफिसर्स,

मेरठ मंडल/मुरादाबाद मंडल/सहारनपुर मंडल

भारत भारत बौद्धिक्स 2.0 नेशनल लेवल परीक्षा को सफलतापूर्वक एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आप सभी को अग्रिम शुभकामनाएँ एवं बधाई।

सभी नोडल ऑफिसर्स को निर्देशित किया जाता है कि परीक्षा सम्पन्न होने के उपरांत मूल्यांकन कार्य पूर्ण करें तथा प्रत्येक 50 विद्यार्थियों पर एक सर्वश्रेष्ठ प्राप्तांक वाली उत्तर पुस्तिका (Answer Booklet:-OMR एवम discriptive answer) की स्कैन कॉपी तैयार करके निम्नलिखित ई-मेल आईडी पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें:-

vidhyabhartimeerutprant@gmail.com

नोट:- ई-मेल में सेन्टर के नोडल ऑफिसर का नाम, मोबाइल नंबर, एवम संस्था का पूर्ण पता जरूर उल्लखित करें।

आप सभी के सहयोग एवं समर्पण के लिए हार्दिक धन्यवाद।

सादर।

रीजनल कोऑर्डिनेटर

भारत बौद्धिक्स 2.0

@all

Scanned with OKEN Scanner